>

Title: Need to Augment Rail Connectivity to Cities of Madhya Pradesh.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): उपाध्यक्ष महोदय, देश में रेल यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश देश का मध्य प्रदेश है जहां से प्राय: उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की रेलगाड़ियों का आवागमन होता है। आवश्यकता के अनुरूप नयी रेल गाड़ियां चलाये जाने की जरूरत को पूरा करने के उपाय नहीं किये गये हैं।

उज्जैन के ऐतिहासिक,सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के संदर्भों में रेलगाड़ियों के विस्तार की आवश्यकता है जहां टर्मिनल एवं प्लेटफार्म्स उपलब्ध हैं। उज्जैन से अमृतसर नई रेल सेवा की मांग की गई है जिसे नागदा-कोटा के रास्ते चलाया जाना चाहिये। जयपुर-शामगढ़ यात्री गाड़ी को नागदा-खाचरोद-रतलाम तक बढ़ाने की जरूरत है। 2415/2416 इंटरसिटी का स्थायी स्टॉपेज महिदपुर रोड पर देने तथा 2465/ 2466 रणथम्बोर एक्सप्रेस का विक्रमगढ़ आलोट, 9303/9304 इंटरसिटी का तथा इन्दौर-पुणे रेलगाड़ी खाचरोद तथा बांद्रा-निज़ामुद्दीन गरीब रथ का स्टॉपेज नागदा जंक्शन पर करने सहित रेल सुविधायें स्वीकृत कर माननीय रेल मंत्री जनता को राहत प्रदान करें।